




नवभारत 09
इंदौर, शुक्रवार, 18 जुलाई, 2025

# दाहोद स्टेशन को बड़ी सौगात : राजधानी तेजस एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव शुरू

## सांसद जसवंत सिंह भाभोर ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

**रतलाम. पश्चिम रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दाहोद रेलवे स्टेशन पर अगस्त क्रांति राजधानी तेजस एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव शुरू कर दिया है. यह ठहराव लंबे समय से स्थानीय जनता की मांग रहा था. रात स्टेशन पर आयोजित समारोह में दाहोद सांसद जसवंत सिंह भाभोर ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर इसका शुभारंभ किया.**



रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीना ने बताया कि गाड़ी संख्या 12953 मुंबई सेंट्रल से हजरत निजामुद्दीन जाने वाली राजधानी तेजस एक्सप्रेस दाहोद स्टेशन पर रात 11:38 बजे पहुंचेगी और 11:40 बजे रवाना होगी. वहीं वापसी में गाड़ी संख्या 12954 निजामुद्दीन से मुंबई सेंट्रल जाने वाली ट्रेन रात 2:31 बजे आएगी और 2:33 बजे प्रस्थान करेगी. शुभारंभ अवसर पर रतलाम मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक अक्षय कुमार, वरिष्ठ मंडल अभियंता पश्चिम समेत मंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी, रेलवे कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. लोगों ने इस ठहराव का स्वागत करते हुए रेलवे का आभार जताया.

### प्रायोगिक ठहराव के आधार पर आगे का निर्णय

रेलवे द्वारा यह ठहराव प्रायोगिक तौर पर प्रारंभ किया गया है. इसमें यात्रियों की प्रतिक्रिया और स्टॉपेज की उपयोगिता का मूल्यांकन किया जाएगा. संतोषजनक परिणाम आने पर इस ठहराव को स्थायी किया जा सकता है.

# रतलाम रेलवे स्टेशन पर 10 बच्चों को किया रेस्क्यू

## रेलवे अधीक्षक को मिली थी सूचना



**रतलाम ।** जीआरपी ने रतलाम रेलवे स्टेशन पर अनाधिकृत तरीके से स्पेशल ट्रेन में ले जाया जा रहे 10 बच्चों का रेस्क्यू किया है7 टीम द्वारा यह कार्रवाई सूचना पर की गई पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के रतलाम रेलवे स्टेशन पर ऑन ड्यूटी स्टेशन अधीक्षक राजेश श्रीवास्तव को सोशल वेलफेयर संगठन, विदिशा से कॉल आया तथा बताया कि गाड़ी संख्या 09190 कटिहार मुम्बई सेंट्रल स्पेशल में अनाधिकृत रूप से बच्चों को ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उनके द्वारा इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल के पी आर मीणा, जी. आर.पी., रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों और सिविल प्रशासन को दी गई। रेलवे सुरक्षा बल, जीआरपी, सिविल प्रशासन और रेलवे के स्टाफ के साथ मिलकर स्लीपर क्लास से 10 बच्चों को गाड़ी से उतार कर उनका रेस्क्यू किया गया जिसमें अधिकांश नाबालिग थे। इस कार्यवाही मे रेलवे चाइल्ड लाइन की टीम भी उपस्थित रही। इसकी सूचना वडोदरा मंडल को भी दी गई तरह वडोदरा मंडल पर भी कार्यवाही कर 30 से अधिक बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

# दस्तक अभियान का मुख्य लक्ष्य है, बाल मृत्यु दर में कमी लाना

जावरा । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में जिले में बाल स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार के लिए 22 जुलाई से 16 सितंबर तक डायरिया सह दस्तक अभियान चलाया जाएगा। प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि इसी के तहत जावरा ब्लॉक में भी दस्तक अभियान के अंतर्गत 29518 बच्चों की जांच कर सेवाएं प्रदान की जाएगी। गुरूवार को आशा कार्यकर्ताओ के दस्तक अभियान के प्रशिक्षण में सीबीएमओ जावरा डा शंकरलाल खराड़ी ने बताया कि दस्तक अभियान की सुपरवाइजर सघन मॉनिटरिंग करे तथा गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को तत्काल पोषण पुनर्वास केंद्र जावरा में भर्ती कराए। दस्तक अभियान का मुख्य लक्ष्य बाल मृत्यु दर में कमी लाना है 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को बाल्यकालीन बीमारियों से बचाना है। उन्हें स्वास्थ एवं पोषण सेवाएं प्रदान करना है। अभियान के दौरान एएनएम, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बच्चों की जांच कर जरूरत अनुसार जिंक टेबलेट, ओआरएस, एवं अन्य जरूरी दवाईयां प्रदान करेंगी। बीईई बसंतिलाल मईडा, बीपीएम रघुनंदन पाटीदार ने बताया कि दस्तक अभियान में निम्न सेवाए दी जाएगी। निमोनिया एवं कुपोषण की पहचान तथा प्रबंधन, एचबी मीटर से एनीमिया की स्क्रीनिंग, दस्त रोग की पहचान एवं इलाज के लिए ओआरएस, जिंक टेबलेट की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे, विटामिन ए की खुराक भी बच्चों को पिलाई जाएगी। दस्तक अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने की जिम्मेदारी भी है।

# महावीर जैन नेशनल स्कूल के विद्यार्थी क्लस्टर टूर्नामेंट में करेंगे हुनर का प्रदर्शन

## खेलों में उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम करने निकले एमजेएनएस के नन्हें सितारे

जावरा । महावीर जैन नेशनल स्कूल के लिए यह गौरवपूर्ण क्षण है। जब स्कूल की यु17 बालिका बास्केटबॉल टीम और यु17 बालक खो-खो टीम का चयन सीबीएसई क्लस्टर टूर्नामेंट में हुआ है। यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की कठिन मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। बल्कि यह स्कूल के समर्पित प्रशिक्षकों और नेतृत्व की प्रेरणा का प्रमाण भी है।

महावीर जैन नेशनल स्कूल की यु17 बालिका बास्केटबॉल टीम आगामी सीबीएसइ क्लस्टर टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पूरी तैयारी के साथ रवाना हुई है। यह टूर्नामेंट आइईएस पब्लिक स्कूल भोपाल के सौजन्य से 16 जुलाई से 19 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। टीम ने कठिन अभ्यास और सामूहिक समर्पण के साथ इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्थान पाया है। स्कूल के बास्केटबॉल कोच और खेल शिक्षकों ने छात्राओं को तकनीकी और मानसिक रूप से तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।



खो-खो में बालकों की दमदार दस्तक-

इसी क्रम में, स्कूल की यु17 बालक खो-खो टीम ने भी अपने खेल कौशल से सभी को प्रभावित करते हुए सीबीएसई क्लस्टर खो-खो टूर्नामेंट के लिए चयनित होकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। यह टूर्नामेंट स्वामी रामानंद विद्या संकुल, गुना में 14 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। बालकों ने शारीरिक फिटनेस, रणनीतिक समझ और तेज़ प्रतिक्रिया क्षमता का प्रदर्शन करते हुए यह मुकाम हासिल किया है।

नेतृत्व और मार्गदर्शन-विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. अश्विन गंगवाल ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की हमारे विद्यार्थियों का खेलों के प्रति समर्पण वंदनीय है। यह न सिर्फ शारीरिक विकास, बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी निखारता है। हमें गर्व है कि हमारे बच्चे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर स्कूल, शहर और अपने परिवार का नाम रोशन कर रहे हैं।

विद्यालय प्रबंधन ने दोनों टीमों को विजयी होने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चाहे परिणाम कुछ भी हो, खिलाडियों ने पहले ही खुद को एक विजेता के रूप में सिद्ध कर दिया है।

एक नजर इन भविष्य के सितारों पर- टीम के साथ ली गई समूह फोटो में खिलाडियों के उत्साह, आत्मविश्वास और जोश को साफ़ देखा जा सकता है। प्रशिक्षकों के साथ खड़े इन विद्यार्थियों की आंखों में अपने लक्ष्य को लेकर प्रतिबद्धता और चमक साफ झलक रही है। महावीर जैन नेशनल स्कूल अपने विद्यार्थियों को न केवल शैक्षणिक, बल्कि खेल, संस्कृति और नैतिक मूल्यों के क्षेत्र में भी विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मनोरंजन

# सोहा अली खान के प्रोटीन सीक्रेट्स

संतुलन बनाना आसान नहीं है. एक्ट्रेस, मां और वेलनेस को लेकर सजग सोहा अली खान इस चुनौती को बखूबी समझती हैं. उनका मानना है कि एक्टिव और स्वस्थ रहने के लिए सही खानपान बेहद ज़रूरी है ङ्क खासतौर पर प्रोटीन से भरपूर आहार. सोहा कहती हैं कि प्रोटीन से भरपूर चीजें महिलाओं को पूरे दिन ऊर्जावान, मज़बूत और फोकस्ड बनाए रखने में मदद करती हैं.



सोहा की डेली प्रोटीन रूटीन में बादाम उनकी पहली पसंद हैं. साथ ले जाना आसान, खाना भी झंझट-मुक्त, और सबसे बढ़कर -सेहत से भरपूर. इनमें प्रोटीन, फाइबर और अछे फैट्स की भरपूर मात्रा होती है. शूटिंग हो या बेटी इनाया के साथ खेलना - बादाम उन्हें दिनभर एक्टिव बनाए रखते हैं. वो कभी सीधे खाती हैं, तो कभी स्मूदी में मिलाकर स्वाद और पोषण दोनों बढ़ा देती हैं.सोहा का मानना है कि बादाम हर महिला की डाइट का हिस्सा होने चाहिए. ये न सिर्फ मसल्स की सेहत को सपोर्ट करते हैं, बल्कि त्वचा और दिल की सेहत के लिए भी फायदेमंद हैं. इनका नैचुरल क्रंच खाने को स्वादिष्ट बनाता है और भूख व ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखता है.

# रान्या राव को सोने की तस्करी के आरोप में जेल

साउथ की एक एक्ट्रेस रान्या राव को एक साल की सजा हुई. विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी गतिविधियों की रोकथाम अधिनियम मामले को देख रहे सलाहकार बोर्ड ने हाल ही में फैसला सुनाया कि रान्या राव को हिरासत की समय सीमा के दौरान जमानत भी नहीं दी जाएगी.जब डीआरआई द्वारा तय समय सीमा के भीतर आरोप पत्र दाखिल करने में असफल रहने के बाद, रान्या राव को 20 मई को कोर्ट ने उनके सह-आरोपी तरुण राजू के साथ डिफॉल्ट बेल यानी जमानत दे दी थी. 2 लाख रुपये के बॉन्ड और जमानत शर्तों पर बेल मिलने के बावजूद रान्या और तरुण COFEPOSA के तहत हिरासत में ही रहे. तस्करी के शक के आधार पर बिना किसी औपचारिक आरोप के भी एक साल तक की हिरासत की परमिशन देता है.इस साल मार्च महीने में रान्या राव दुबई से आई थीं और केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ग्रीन चैनल से गुजरने की कोशिश कर रही थीं. यह जगह आमतौर पर डयूटीबेल सामान वाले यात्रियों के लिए होती है.

डीआरआई ऑफिसर ने रान्या से पूछा कि उनके पास कुछ अनडिक्लेयर सामान है. इस पर वह टेंशन में आ गईं. तलाशी के बाद एक्ट्रेस के पास लगभग 12.56 करोड़ रुपये की लागत का कुल 14.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ. इसके



बाद रान्या को हिरासत में ले लिया गया. रान्या की पहले की जमानत याचिका दो बार लोकल कोर्ट और बाद में कर्नाटक हाई कोर्ट ने खारिज कर दी गई थी.

# अनफिल्टर्ड नारी : गुजराती फिल्म हिंदी में

अनफिल्टर्ड नारी%सुपरहिट गुजराती फिल्म फक्त महिलाओं माटे का हिंदी डब वर्ज़न है, जिसमें यश सोनी और अमिताभ बच्चन मुख्य भूमिका में हैं .

औरतें आखिरकार क्या चाहती है? कभी बहस, तो कभी मज़ाक में ही सही, इस सवाल पर लोग सालों से चर्चा करते आ रहे हैं. इसी सवाल को लेकर एक मजेदार और सोचने पर मजबूर कर देने वाली फिल्म है %अनफिल्टर्ड नारी%, जो कि सुपरहिट गुजराती फिल्म %फक्त महिलाओं माटे% का हिंदी डब वर्ज़न है. यह फिल्म अब से शेमारूमी पर देखी जा सकती है.



गुजराती दर्शकों का मनोरंजन करने के बाद अब यह फिल्म ज्यादा से ज्यादा लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार है. यह फिल्म इसलिए भी खास है, क्योंकि यह गुजराती सिनेमा में अमिताभ बच्चन की डेब्यू फिल्म है. इस फिल्म में कॉमेडी और इमोशन का ऐसा मिश्रण है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा.

यह कहानी एक मिडिल-क्लास परिवार के लड़के चिंतन की है, जो अपनी जिंदगी में मौजूद महिलाओं से परेशान है. तभी उसे अचानक एक ऐसी शक्ति मिल जाती है, जिससे वह औरतों के दिल और दिमाग की बातें सुन और समझ सकता है. इसके बाद शुरू होती है एक दिलचस्प और मजेदार कहानी. सवाल यह है कि क्या यह शक्ति चिंतन की ज़िंदगी आसान बनाएगी या उसे और मुश्किल कर देगी?

इस फिल्म को जय बोदास ने डायरेक्ट किया है और इसे आनंद पंडित और वैशल शाह ने प्रोड्यूस किया है. फिल्म में यश सोनी, अमिताभ बच्चन, दीक्षा जोशी, तर्जनी भड़ला, भावना जानी, कल्पना गाडगेकर, चेतन दैया, वैशाख राठौड़, दीप वैद्य और ओम भट्ट जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं .

# किआरा आडवाणी-सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर आई नन्ही परी

**बॉलीवुड** स्टार कियारा आडवाणी- सिद्धार्थ मल्होत्रा के घर नन्ही परी ने जन्म लिया है. सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर पिंक कलर का एक अनाउंसमेंट कार्ड पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपनी और कियारा की तरफ से एक खुशखबरी दी.इस कार्ड में लिखा गया है, हमारे दिल खुशी से भर गए हैं और हमारी दुनिया हमेशा के लिए बदल गई है. हमें एक बेटी के रूप में आशीर्वाद मिला है. सिद्धार्थ के इस पोस्ट पर उनके दोस्त और फिल्मी हस्तियों ने बधाई दी है. सिद्धार्थ और कियारा ने फिल्म शेरशाह में साथ काम किया था.

# यामी ने टीवी से की करियर की शुरुआत

जब किसी आउटसाइडर के प्योर टैलेंट और ग्रेस की बात होती है तो यामी गौतम का नाम सबसे पहले सामने आ जाता है. यामी आज बॉलीवुड की पॉपुलर और ऑडियन्स की फेवरेट एक्ट्रेस बन चुकी हैं. लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि उनकी एक्टिंग करियर की जर्नी छोटे पर्दे यानी टेलीविजन से हुई थी.

टीवी शोज के जरिए आज उन्होंने ग्लैमर वर्ल्ड में अपनी एक अलग पहचान बना ली हैं.उरी जैसे फिल्मों में अपनी दमदार एक्टिंग से सबको चौंकाने वाली एक्ट्रेस यामी गौतम ने साल 2009 में टेलीविजन इंडस्ट्री पर धमाकेदार एंट्री की थी. उन्होंने एनडीटीवी इमेजिन पर टेलीकास्ट होने वाला शो ये प्यार ना होगा कम में लीड रोल प्ले की थीं. इस शो में उनके अपोजिट सीरियल अनुपमा से खूब पॉपुलैरिटी हासिल करने वाले एक्टर गौरव खन्ना थे.

यामी ने जहां शो में वहर माथुर का किरदार निभाया था, वहीं गौरव ने अबीर बाजपेयी का कैरेक्टर प्ले किया. 28 दिसंबर 2009 से प्रीमियर हुआ ये शो 2 सितंबर 2010 तक चला. साल 2012 में यामी ने फिल्म इंडस्ट्री पर अपना पहला कदम रखा. उनकी पहली डेब्यू आयुष्मान खुराना की फिल्म विक्की डोनर के साथ हुई थी. यह फिल्म काफी हिट साबित हुई और ऑडियन्स ने फिल्म के स्टार कास्ट को काफी यादा पसंद किया. इसके बाद उन्होंने कई जबरदस्त फिल्मों में काम किया. बदलापुर, सनम रे, काबिल, उरी, चोर निकल के भागा, दसवीं और ओएमजी 2 जैसी फिल्मों में जबरदस्त कैरेक्टर प्ले कीं. उनकी हाल की फिल्मों की बात करें तो प्रतीक गांधी के साथ फिल्म धूम धाम आई जिसे फैंस ने काफी ज्यादा पसंद किया.

